कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com

1/2

क्रमांकः /3426/2026 रायपुर, दिनांक 04/05/2026

//पूरक परीक्षा 2026 के लिए आवेदन पत्र भरने हेतु सूचना//

महाविद्यालय के स्वशासी स्नातक अन्तर्गत **बी.एस–सी./बी.सी.ए. भाग–तीन** के नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थी जिन्हे वार्षिक परीक्षा 2026 मे पूरक की पात्रता प्रदान की गई है उन्हे **पूरक परीक्षा–2026** मे सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाइट **www. gnscr.ac.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है।

A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–

क्र.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क)	दिनांक 07.05.2026 से 10.05.2026 तक
2	निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ	दिनांक 11.05.2026 से 12.05.2026 तक

टीपः–निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

B- परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–

कक्षा/ परीक्षा का नाम	पूरक परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन प्रकिया एवं अग्रेषण शुल्क
बी.एस–सी. भाग–तीन	रू. 700/–	रू. 50/–
बी.सी.ए. भाग–तीन	रू. 700/–	रू. 50/–

C- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का समय एवं स्थान–

समय–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

स्थान– महाविद्यालय के **लेखा शाखा** के काउन्टर मे।

D- पूरक परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–

1. पूरक परीक्षा–2026 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राऍ परीक्षा अनुक्रमांक या पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. परीक्षार्थी ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात् हार्डकापी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे एवं दूसरी प्रति महाविद्यालय में जमा करेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।
6. छात्र अपना नाम, माता व पिता का नाम आदि, बारहवीं के अकंसूची से मिलान करके ही लिखें।
7. छात्र–छात्राऍ वार्षिक परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम की अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

P.T.O.

8. वार्षिक परीक्षा 2026 मे **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे उन्हे आगामी पूरक परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।

9. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक ॲकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह परीक्षार्थियों की स्वयं की जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

10. पूरक परीक्षार्थी महाविद्यालय के वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करके महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार पूरक परीक्षा में शामिल होंगे।

टीपः— परीक्षार्थी को यदि पूरक परीक्षा की पात्रता नही है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाइन से भर दिया हो तो उसका आवेदन निरस्त हो जाएगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नही होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः—

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. लेखा शाखा/छात्र शाखा, शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. श्री टिकेन्द्र कुमार साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
4. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)